Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के यातायात शाखा के हैड कानि. श्री बलदेव सिंह के विरूद्ध रिश्वत राशि की मांग का प्रकरण पंजीबद्ध।**

जयपुर, दिनांक 07 अप्रैल 2026, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा **बलदेव सिह हैड कानि.** के विरूद्ध रिश्वत राशि की मांग का प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों की जोधपुर शहर ईकाई कों एक शिकायत इस आशय की मिली थी कि श्री बलदेव सिंह हैड कानि. यातायात शाखा पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा परिवादी के वाहन बोलेरो पिकअप का चालान नही बनानें की एवज में 5000/– रूपयें रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है एवं परिवादी का ड्राईविंग लाईसेन्स अपने पास रख लिया गया। जिस पर दिनांक 19.01.2026 को रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाया गया तो आरोपी द्वारा 500/– रूपये रिश्वत राशि की मांग की गई और परिवादी द्वारा समय मांगने पर परिवादी का चालान बना दिया गया और लाईसेन्स परिवादी को पुनः सुपर्द किया गया। जिस पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध करनें हेतु ब्यूरों मुख्यालय जयपुर प्रेषित किया गया। जिस पर एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।